पत्र संख्या-स्था-5(ख)-पदोन्नति -प्रशासनिक अधिकारी-2019-20/20-21// 2703 // वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर, वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश

(स्थापना अराजपत्रित अनुभाग)

लखनऊ // दिनांक // 10 नवम्बर, 2020

-:: आदेश ::-

उत्तर प्रदेश सरकारी विभाग लिपिकीय संवर्ग सेवा नियमावली-2014 मे दिये गये प्राविधानानुसार विभागीय पदोन्नति समिति की संस्तुति के आधार पर वाणिज्य कर विभाग में कार्यरत निम्नलिखित प्रधान सहायक (वेतन बैण्ड-2-9300-34800 सादृश्य ग्रेड वेतन 4200 / लेवल-6) को प्रशासनिक अधिकारी (वेतन बैण्ड-2-9300-34800 सादृश्य ग्रेड वेतन 4600 / लेवल-7) के पद पर पदोन्नति प्रदान करते हुए अग्रिम आदेशों तक उन्हें उनके वर्तमान तैनाती स्थान पर बनाये रखा जाता है:-

क्र0	ज्ये0 क्रमांक	कर्मचारी का नाम / पिता / पति का नाम सर्वश्री/ कु0	वर्तमान तैनाती
1	2	3	4
1.	1501	रुखसाना परवीन / सादिक अली	मुख्यालय

2- उपरोक्त पदोन्नत कार्मिक की तैनाती विभिन्न जोन / कार्यालयों में स्वीकृत पदों के सापेक्ष अलग से सुनिश्चित करायी जायेगी।

3- सम्बन्धित नियन्त्रक अधिकारियों को निर्देश दिये जाते है कि वह उपरोक्त पदोन्नत कर्मचारी को पदोन्नति आदेश तामील कराते हुये उनके वर्तमान तैनाती स्थान पर ही प्रशासनिक अधिकारी के पद पर दिनांक 23-11-2020 तक कार्यभार ग्रहण करायें तथा यदि वह किन्हीं कारणों से पदोन्नति के पद पर कार्यभार ग्रहण करने का इच्छुक न हों, तो उनसे उक्त आशय का पदोन्नति फोरगो प्रार्थना पत्र प्राप्त करके तत्काल अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध करायें।

4- संबंधित नियन्त्रक अधिकारी कृपया यह अवश्य सुनिश्चित कर लें कि उपर्युक्त पदोन्नत कार्मिक के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के अन्तर्गत आरोप पत्र / नोटिस निर्गत हो, सतर्कता जॉच / ई0 ओ0 डब्ल्यू0 जॉच चल रही हो तो उक्त कार्मिक पर यह पदोन्नति आदेश प्रभावी न मानते हुए उन्हें कार्यभार ग्रहण न कराए और अधोहस्ताक्षरी को तत्काल सूचित करें।

(सूर्यमणि लालचंद)

एडीशनल कमिश्नर(प्रशासन)वाणिज्य कर,

उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पृष्ठांकन संख्या व दिनांक // उक्त।

प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- कमिश्नर वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश लखनऊ।

2- ज्वाइन्ट कमिश्नर (आई0टी0) वाणिज्यकर, मुख्यालय को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड हेतु।

3- आहरण / वितरण अधिकारी, वाणिज्य कर, मुख्यालय।

4- संबंधित अनुभाग अधिकारी वाणिज्य कर, मुख्यालय।

5- पटल प्रभारी स्था-5 (क), स्था-6 सामान्य, चरित्र पंजिका सेल(स्था0अराज0)वाणिज्य कर, मुख्यालय।

6- सम्बन्धित कर्मचारी को (नाम से)।

10/11/2020

(पी0एन0यादव)

ज्वाइन्ट कमिश्नर (स्थापना अराज0)वाणिज्य कर,

मुख्यालय, लखनऊ।